दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 11 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में ज्यादा उपज वाली जलवायु अनुकूल फसलों की एक सौ नौ किस्में जारी करेंगे।

02. नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश के चलते गंगा, गंडक और कोसी समेत कई नदियां उफान पर। पटना, मुंगेर और भागलपुर जिले के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैला।

03. शहादत दिवस के अवसर पर आज सात शहीदों की याद में पटना स्थित शहीद स्मारक पर राजकीय समारोह का आयोजन। राज्यपाल और मुख्यमंत्री शहीदों को करेंगे नमन।

04. और, पेरिस ओलंपिक का आज होगा समापन। भारत ने एक रजत और पांच कांस्य समेत कुल छह पदक जीते।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में ज्यादा उपज देने वाली जलवायु अनुकूल और जैव सशक्त फसलों की एक सौ नौ किस्में जारी करेंगे। श्री मोदी कार्यक्रम के दौरान किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी करेंगे। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश के चलते गंगा, गंडक और कोसी समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार गंगा नदी पटना के दीघा और गांधी घाट तथा हाथीदह में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। आयोग ने आज जलस्तर के और बढ़ने की सम्भावना जतायी है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

पटना में गंगा नदी का जलस्तर कुछ स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है, जिससे तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई है। गंगा के साथ–साथ पुनपुन नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है, जिससे बाढ़ का खतरा और अधिक हो गया है। बाढ़ के संभावित खतरों को लेकर लोग सहमे हुए हैं और प्रशासन से मदद की उम्मीद कर रहे हैं। वहीं, बख्तियारपुर के तटीय इलाकों में कटाव होने से घरों में दरार आ गयी है। प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि ने अधिकारियों को नदी के जलस्तर पर नजर रखने के निर्देश दिये हैं। इधर, कल देर शाम से हो रही रूक–रूक कर बारिश से पटना शहर के निचले इलाकों में जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

वहीं, भागलपुर के कहलगांव में भी गंगा नदी खतरे के निशान से पन्द्रह सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। सोन नदी का जलस्तर पटना के मनेर में खतरे के निशान के पास बना हुआ है। गंडक नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट में, बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में, कमला बलान मधुबनी के झंझारपुर में और परमान नदी अररिया में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बागमती नदी का जलस्तर सीतामढ़ी के ढेंगब्रिज, रून्नीसैदपुर और मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान को पार कर गया है। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में तथा कटिहार के कुर्सेला में लाल निशान से ऊपर है।

अररिया जिले में हो रही भारी बारिश के कारण परमान सहित अन्य सहायक नदियां भी उफान पर है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

भारी वर्षा के कारण कुर्साकांटा, सिकटी और पलासी प्रखंड क्षेत्र से होकर बहनेवाली परमान, बकरा, लवकटारिया समेत जिले की सभी छोटी – बड़ी नदियां सहित सभी बरसाती नदियां उफान पर है। निचले इलाकों में पानी फैलने से सैकड़ों एकड़ में लगी धान की फसल बर्बाद हो गई है। सबसे ज्यादा नुकसान जिले के कुर्साकांटा प्रखंड के आधा दर्जन गांवों को हुआ है। आकाशवाणी समाचार के लिए अररिया से गौतम सिंह सहगल।

हमारे मुंगेर संवाददाता ने बताया है कि जिले में गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी के कारण निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गये हैं।

–––बाईट–––

गंगा नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी के कारण निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गये हैं। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार **आज सुबह** गंगा का जलस्तर 38.22 मीटर पर जा पहुंचा है। जलस्तर के बढ़ने से गंगा के तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोग दहशत में है। सदर प्रखंड के गंगा किनारे सटे टिकारमपुर गांव के आस पास इलाके में बाढ़ का पानी प्रवेश कर चुका है। संभावित बाढ़ से निपटने के लिए प्रभावित क्षेत्र में नाव भेजी गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

भागलपुर जिले में भी पिछले एक सप्ताह में हुई बारिश के बाद गंगा नदी के तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है।

–––बाईट–––

भागलपुर जिले में पिछले एक सप्ताह में हुई बारिश से एक बार फिर जिले के सबौर, नाथनगर, कहलगांव और भागलपुर शहर से सटे निचले इलाके में पानी फैल जलस्तर में वृद्धि हुई है। कोशी और गंगा नदी उफान पर हैं लेकिन जल स्तर स्थिर है। निचले इलाके के लोग **अभी से ही** संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए ऊंचे स्थान में अपना आशियाना बनाने की तैयारी में जुट गए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

नेपाल के तराई क्षेत्र में भारी बारिश के बाद कोसी नदी में उफान से सहरसा जिले के नवहट्टा प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी कोसी तटबन्ध के भीतर बसे कई गांव पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं।

---

मानसून की सक्रियता से राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर, बांका और भागलपुर जिलों के एक या दो स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है। वहीं, कैमूर और रोहतास जिले के एक दो स्थानों पर बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्व, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–पूर्व भागों के एक दो स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद के बारूण में सबसे अधिक नब्बे दशमलव चार मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

---

आज शहादत दिवस है। वर्ष उन्नीस सौ बयालीस में अगस्त क्रांति के दौरान प्रदेश के सात विद्यार्थियों ने शहादत देकर पटना सचिवालय पर तिरंगा लहराया था। इन सात शहीदों की याद में आज पटना स्थित शहीद स्मारक पर राजकीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। शहीद विद्यार्थियों में उमाकांत प्रसाद सिंह, सतीश प्रसाद झा, रामानंद सिंह, देवीपद चौधरी, राजेन्द्र सिंह और रामगोविंद सिंह शामिल हैं। इन सात शहीदों में औरंगाबाद के ओबरा प्रखंड के घराटी गांव निवासी जगतपति कुमार भी शामिल हैं। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार जगतपति कुमार का नाम स्वतंत्रता आंदोलन में आदर के साथ लिया जाता है, लेकिन उनके गृह जिले में उनसे जुड़ी स्मृतियां उपेक्षित स्थिति में हैं। ग्रामीणों ने सरकार से इनके संरक्षण की मांग की है।

---

शहीद खुदीराम बोस की शहादत की याद में आज मुजफ्फरपुर स्थित केंद्रीय कारा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गोपाल मीणा, पुलिस महानिरीक्षक शिवदीप लांडे, जिला पदाधिकारी सुव्रत कुमार सेन और बंगाल के मिदनापुर से आये कई लोगों ने अमर शहीद की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

---

पेरिस ओलंपिक आज सम्पन्न हो रहा है। समापन समारोह भारतीय समयानुसार रात साढे 12 बजे शुरू होगा। प्रतियोगिता में भारत ने कुल छह पदक जीते। इनमें एक रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

---

पेरिस ओलंपिक में खेल मध्यस्थता अदालत ने भारतीय पहलवान विनेश फोगाट की अयोग्यता के खिलाफ याचिका पर अपना फैसला मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया है। खेल मध्यस्थता न्यायालय में अपनी अपील में विनेश फोगट ने संयुक्त रजत पदक का अनुरोध किया है।

---

गोपालगंज जिले के बलथरी चेक पोस्ट पर बरामद संदिग्ध रेडियो एक्टिव पदार्थ की जांच भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने की। टीम संदिग्ध पदार्थ की विस्तृत जांच के लिए उसे अपने साथ ले गयी है। गौरतलब है कि पुलिस ने संदिग्ध पदार्थ के साथ कल तीन तस्करों को गिरफ्तार किया था। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों में दो गोपालगंज जिले और एक उत्तर प्रदश का रहने वाला है।

---

पटना की डीआरआई टीम ने म्यांमार से लाये जा रहे तिरसठ लाख रूपये मूल्य के विदेशी सिगरेट के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने राज्य में सीडैक के सुपर कम्प्यूटर बनाने पर लिखा है– बिहार का पहला सुपर कम्प्यूटर परमबुद्ध तैयार। अखबार लिखता है– आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित इस कम्प्यूटर से कार्यों की गति तेज होगी।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– गया की ब्रह्मयोनि पहाड़ी में खोजे गये तीन औषधीय पौधे।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– ओलंपिक में पिछली बार से एक मेडल कम, पर ग्यारह खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। कहीं, रचा इतिहास, तो कहीं चुके।

प्रभात खबर ने मिस यूनिवर्स इंडिया को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है– पटना सिटी की काजल मिस यूनिवर्स इंडिया में करेंगी दावेदारी, सीएम ने दी शुभकामनाएं।

आज अखबार की बड़ी खबर है– विश्वविद्यालयों में लागू होगी मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना।

पारीक/अनुपम–11.8.2024 अखबार

**प्रातः 08.48 बजे, दिनांक–11.08.2024**

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में ज्यादा उपज वाली जलवायु अनुकूल फसलों की एक सौ नौ किस्में जारी करेंगे।

02. नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश के चलते गंगा, गंडक और कोसी समेत कई नदियां उफान पर। पटना, मुंगेर और भागलपुर जिले के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैला।

03. शहादत दिवस के अवसर पर आज सात शहीदों की याद में पटना स्थित शहीद स्मारक पर राजकीय समारोह का आयोजन। राज्यपाल और मुख्यमंत्री शहीदों को करेंगे नमन।

04. और, पेरिस ओलंपिक का आज होगा समापन। भारत ने एक रजत और पांच कांस्य समेत कुल छह पदक जीते।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।